**केमाशिबो/खेलकूद/2026** **दिनांक: 10.04.2026**

**परिपत्र सं. शैक्ष-19/2026**

**केमाशिबो सम्बद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुख**

**विषय: केमाशिबो खेलकूद(2026-27) के संबंध में।**

केमाशिबो अपने संबद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष क्लस्टर/जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न आयु वर्गों में बालिकाओं और बालकों के लिए अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। बोर्ड अपने संबद्ध विद्यालयों से केमाशिबो खेलों के आयोजन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करता है और साथ ही ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से केमाशिबो खेलों में 'applying to participate' हेतु भी आमंत्रित करता है। इस संबंध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दिया जाए:

1. **खेलों की सूची, आयु-वर्ग एवं क्लस्टर/जोन:** क्लस्टर/ज़ोनल और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों की सूची, साथ ही आयु-वर्ग, अनुलग्नक-ए और अनुलग्नक-बी में दिए गए हैं। विद्यालयों को सलाह दी जाती है कि वे किए गए अद्यतनों को देखने के लिए इसे ध्यानपूर्वक पढ़ें।

2. **खेलों के आयोजन हेतु विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन प्रस्ताव**: जो विद्यालय क्लस्टर/ज़ोनल या राष्ट्रीय स्तर पर इनमें से किसी भी खेल का आयोजन करना चाहते हैं, वे केमाशिबो की वेबसाइट www.cbse.gov.in (मुख्य वेबसाइट पर 'CBSE SPORTS SYSTEM' नाम के बॉक्स पर क्लिक करें) या www.cbseacademic.nic.in ('Sports' टैब पर क्लिक करें) पर ऑनलाइन आवेदन करें।

   क) कोई भी प्रस्ताव ऑफ़लाइन/मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं किया जाएगा।

   ख) ऑनलाइन फ़ॉर्म भरने के लिए 'Apply to Organize CBSE Games' लिंक पर क्लिक किया जाए। यूज़र नेम और पासवर्ड वही होंगे जिनका उपयोग विद्यालय प्रत्येक वर्ष एलओसी या कक्षा IX/X/XI/XII के विद्यार्थियों के पंजीकरण के लिए करते हैं।

   ग) विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि उनके पास खेल आयोजनों को आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हों—विशेष रूप से एसएआई (भारतीय खेल प्राधिकरण) की वेबसाइट पर उपलब्ध बुनियादी ढाँचे के विनिर्देशों के अनुसार, जो इस लिंक पर दिए गए हैं:

   https://sportsauthorityofindia.nic.in/sai_new/infrastructure

   घ) विद्यालय को यूट्यूब पर 3-5 मिनट का एक वीडियो अपलोड करें, जिसमें उस खेल का मैदान दिखाया गया हो जिसे विद्यालय आयोजित करना चाहता है; साथ ही, इसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के लिए ठहरने की सुविधाएँ और वॉशरूम भी दिखाए जाने चाहिए। यूट्यूब पर अपलोड किए गए इस वीडियो का यूआरएल लिंक ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्म में पेस्ट करें।

3. **केमाशिबो खेलों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीकरण:** जो विद्यालय केमाशिबो खेलों में भाग लेना चाहते हैं, वे केमाशिबो की वेबसाइट (*जैसा कि ऊपर बिंदु 2 में बताया गया है*) पर जाए और नीचे दिए गए तीन चरणों को पूरा करें:

**चरण 1**
• पंजीकरण

**चरण 2**
• भाग लेने के लिए आवेदन करें

**चरण 3**
• आयोजक विद्यालय(यों) को ईमेल द्वारा पुष्टि भेजें।

**क) चरण 1 - पंजीकरण**:

- विद्यालय ऊपर दिए गए लिंक पर उपलब्ध फ़ॉर्म को भरकर और **'Registration/ Apply to Participate'** पर क्लिक करके अपने विद्यार्थियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें।
- प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक यूआईडी (UID) बनाया जाएगा। यह पंजीकरण सिर्फ़ एक बार करना होगा और विद्यार्थी का वही यूआईडी (UID) आने वाले सभी वर्षों तक तब तक चलता रहेगा, जब तक वह केमाशिबो विद्यालय (विद्यालयों) में पढ़ाई कर रहा है।

**ख) चरण 2 - भाग लेने के लिए आवेदन करें:**

- विद्यार्थी का पंजीकरण करने के बाद, विद्यार्थी को किसी भी खेल में शामिल करने के लिए **'Apply to Participate'** पर क्लिक करें। केमाशिबो खेलों में भाग लेने के लिए यह चरण ज़रूरी है।
- अगर सिर्फ़ पंजीकरण किया गया है और यह दूसरा चरण (Apply to Participate) पूरा नहीं किया गया है, तो विद्यार्थी/दल को केमाशिबो खेलों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**ग) चरण 3 - आयोजक विद्यालय (विद्यालयों) को पुष्टि भेजें:**

- ऊपर बताए गए दोनों चरणों ('Register Student' और 'Apply to Participate') को पूर्ण करने के बाद प्रतिभागी विद्यालयों को आयोजक विद्यालयों को एक ईमेल भेजकर अपनी सहभागिता की पुष्टि करनी चाहिए। यह पुष्टि कार्यक्रम शुरू होने से कम से कम एक सप्ताह पहले की जानी चाहिए ताकि आयोजक विद्यालय उसी के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएँ कर सकें।

*नोट: जो विद्यालय अंतिम तिथि से पहले ऊपर बताए गए चरणों (क से ग) को पूरा नहीं करेंगे, वे केमाशिबो खेलों में भाग नहीं ले पाएँगे।*

4. **चयन-ट्रायल:** पूर्व में यह देखा गया है कि कुछ अच्छे खिलाड़ियों को उनके विद्यालयों द्वारा केमाशिबो खेलों में भाग लेने का मौका नहीं दिया गया। इसलिए, विद्यालयों को सलाह दी जाती है कि वे केमाशिबो खेलों में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के चयन हेतु चयन-ट्रायल आयोजित करें। इस उद्देश्य के लिए निम्नलिखित बातों पर ध्यान दिया जा सकता है:
   क) केमाशिबो खेलों में भाग लेने के लिए आवेदन करने से पहले चयन-ट्रायल आयोजित करें।
   ख) विद्यालय में चयन-ट्रायल आयोजित करने के लिए एक समिति का गठन करें।
   ग) विद्यालय को किसी भी विद्यार्थी को चयन-ट्रायल में भाग लेने से मना नहीं करें।
   घ) विद्यालय को चयन-ट्रायल का रिकॉर्ड और चयन-ट्रायल की छायाचित्र अपने पास रखें।
   ङ) केमाशिबो यह सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय का औचक निरीक्षण कर सकता है कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को केमाशिबो खेलों में भाग लेने का मौका दिया जा रहा है या नहीं।

5. **लॉगिन कैसे करें:** विद्यालय प्रत्येक वर्ष कक्षा IX/X/XI/XII के विद्यार्थियों के एलओसी या पंजीकरण के लिए उपयोग किए गए यूजर नेम और पासवर्ड का ही उपयोग करें।

6. **विद्यालय की मैपिंग:** लॉगिन करने के बाद, यदि 'क्लस्टर' और 'ज़ोन' (स्क्रीन के ऊपरी भाग में) वाले बॉक्स खाली दिखाई देते हैं, तो इसका अर्थ है कि विद्यालय किसी भी क्लस्टर/ज़ोन में मैप नहीं किया गया है; ऐसे में आयोजक विद्यालय उस विशिष्ट विद्यालय की प्रविष्टियाँ नहीं देख पाएँगे। इस स्थिति में विद्यालय manjit.cbse@gmail.com और cbsegames@gmail.com पर इसकी सूचना दें।

7. **उचित डेटा एंट्री:** विद्यालयों को प्रतिभागियों के सही विवरण, जैसे-नाम, जन्म तिथि, खेल, इवेंट आदि दर्ज करना चाहिए। गलत विवरण दर्ज होने पर उसे एडिट या डिलीट किया जा सकता है और अंतिम तिथि से पहले नया पंजीकरण किया जा सकता है। हालाँकि, यदि अंतिम तिथि के बाद कोई सुधार करना हो तो विद्यालय अपने आधिकारिक ईमेल पते (@cbseshiksha.in) से केमाशिबो को manjit.cbse@gmail.com और cbsegames@gmail.com पर एक आवेदन भेजें। इस आवेदन में मामले की पूरी जानकारी हो और साथ में खिलाड़ी का जन्म प्रमाण-पत्र और UDISE डेटा (UDISE पोर्टल का स्क्रीनशॉट जिसमें उस संबंधित खिलाड़ी का रिकॉर्ड दिख रहा हो) संलग्न हो।

8. **अंतिम तिथि के बाद 'विलंब शुल्क' के साथ एंट्री:** अंतिम तिथि के बाद पंजीकरण और 'Apply to Participate' करने पर विलंब शुल्क लिया जाएगा।
    - अंतिम तिथि के बाद 7 दिनों तक = ₹ 500/- प्रति विद्यार्थी
    - अंतिम तिथि के बाद 8 से 14 दिनों तक = ₹1000/- प्रति विद्यार्थी

9. **आयु-मानदंड:** दिनांक 31.12.2026 तक खिलाड़ी की आयु 11, 14, 17 और 19 वर्ष से कम होनी चाहिए। तदनुसार, सत्र 2026-27 के लिए आयु-मानदंड निम्नलिखित होंगे:
    - अंडर 11 वर्ष: 01.01.2016 को या उसके बाद जन्मे
    - अंडर 14 वर्ष: 01.01.2013 को या उसके बाद जन्मे
    - अंडर 17 वर्ष: 01.01.2010 को या उसके बाद जन्मे
    - अंडर 19 वर्ष: 01.01.2008 को या उसके बाद जन्मे

    इसी प्रकार अन्य आयु-वर्गों के लिए भी आयु की गणना की जाए।

10. **केमाशिबो राष्ट्रीय खेल आयोजनों में सहभागिता:** सभी व्यक्तिगत खेल आयोजनों में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले, और सभी दल खेलों (क्लस्टर और ज़ोनल स्तर पर) में केवल विजेता (प्रथम स्थान, यानी स्वर्ण पदक) ही प्रत्येक श्रेणी और आयु-वर्ग में केमाशिबो राष्ट्रीय खेलों में भाग लेंगे। हालाँकि, शतरंज के मामले में (शीर्ष **02** दल), शूटिंग के मामले में (शीर्ष **02** दल और शीर्ष **05** व्यक्ति) और योगासन के मामले में (शीर्ष **02** दल और शीर्ष **05** व्यक्ति)। *नोट: यदि किसी कारणवश विजेता दल/व्यक्ति राष्ट्रीय खेलों में भाग नहीं ले पातें है, तो अगला दल को केमाशिबो राष्ट्रीय स्तर पर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*

11. **आयोजक विद्यालयों को खेल अनुदान:** केमाशिबो, विद्यालयों को खेलों के आयोजन करने के लिए खेल अनुदान प्रदान करता है (क्लस्टर/ज़ोनल स्तर के लिए 2,00,000/- रुपये और राष्ट्रीय स्तर के लिए 3,00,000/- रुपये)। हालाँकि, एथलेटिक्स और तैराकी के लिए, खेल अनुदान क्लस्टर/ज़ोनल स्तर पर 4,00,000/- रुपये और राष्ट्रीय स्तर पर 5,00,000/- रुपये होगा। खेल आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न

होने और केमाशिबो पोर्टल पर आवश्यक जानकारी दर्ज करने के बाद खेल अनुदान की राशि आयोजक विद्यालय के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। कोई भी अग्रिम राशि नहीं दी जाएगी। शटल-कॉक, टेनिस-बॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल आदि जैसे खेल उपकरणों की व्यवस्था आयोजक विद्यालयों द्वारा ही की जाएगी। वे अपनी आवश्यकतानुसार उपकरण खरीद या किराए पर ले सकते हैं और इसका खर्च केमाशिबो से प्राप्त अनुदान से पूर्ण कर सकते हैं। इस संबंध में, केमाशिबो द्वारा कोई भी अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

12. **वीडियोग्राफी:** खेलों में पारदर्शिता लाने और निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर, ज़ोनल और राष्ट्रीय स्तर के सभी खेल आयोजनों के लिए वीडियोग्राफी अनिवार्य है। वीडियोग्राफी का रिकॉर्ड (और एथलेटिक्स एवं तैराकी के लिए फोटो-फिनिश का रिकॉर्ड) आयोजक विद्यालय द्वारा खेल आयोजनों के समाप्त होने के बाद तीन महीने की अवधि तक सुरक्षित रखा जाएगा। आयोजक विद्यालय वीडियोग्राफी और फोटो-फिनिश पर होने वाला खर्च केमाशिबो खेल अनुदान (Sports Grant) से वहन करेंगे। इस संबंध में, केमाशिबो द्वारा कोईअतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

13. **आवास और भोजन:** आयोजक विद्यालय भाग लेने वाले दलों/व्यक्तियों के लिए रहने (बिस्तर सहित) और सभी भोजन की व्यवस्था करेगा। प्रत्येक प्रतिभागी, सभी भोजन और रहने (बिस्तर सहित) के लिए आयोजक विद्यालय को प्रतिदिन 500/- रुपये का भुगतान करेगा। हालाँकि, यह राशि उन खिलाड़ियों/दलों से नहीं ली जाएगी जो आयोजन स्थल पर नहीं रुक रहे हैं और आयोजक विद्यालय से कोई भोजन नहीं ले रहे हैं। यदि दल/व्यक्ति आयोजन स्थल पर नहीं रुक रहे हैं, लेकिन आयोजक विद्यालय से भोजन ले रहे हैं तो भाग लेने वाला विद्यालय भोजन के लिए प्रति प्रतिभागी प्रतिदिन 300/- रुपये का भुगतान करेगा, चाहे उन्होंने एक दिन में कितने भी भोजन किए हों। *(नोट: भाग लेने वाले विद्यालयों को प्रतिभागियों की संरक्षा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, आयोजन स्थल वाले विद्यालयों में ही रुकने को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि खिलाड़ी/दल स्वेच्छा से बाहर रुकना चाहते हैं, तो प्रतिभागी खिलाड़ियों/दलों को इस संबंध में अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से विद्यालय के पत्रशीर्ष पर एक लिखित सहमति/अनुमति लानी चाहिए)।* संरक्षा/सुरक्षा के उद्देश्य से, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि आयोजन स्थल में केवल अधिकृत खिलाड़ियों को ही प्रवेश मिले, आयोजक विद्यालय को प्रत्येक प्रतिभागी को एक पहचान-पत्र जारी करें। आयोजक विद्यालय इसके लिए प्रति खिलाड़ी 100/- रुपये तक शुल्क लें।

14. **नियम**: सभी हितधारकों से अनुरोध है कि वे केमाशिबो स्पोर्ट्स पोर्टल पर उपलब्ध 'Rules of Sports & Games' और 'CBSE Games (Guidelines)' को पढ़ें। नियमों/दिशा-निर्देशों में किसी भी तरह के टकराव या अस्पष्टता की स्थिति में, इस परिपत्र में दी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी और यह पिछली सभी सूचनाओं का स्थान ले लेगी।

15. **वार्षिक खेल शुल्क:** कक्षा IX के विद्यार्थियों के पंजीकरण के समय प्रत्येक विद्यालय के लिए वार्षिक खेल शुल्क के रूप में 10,000/- रुपये की राशि ऑनलाइन शुल्क में अपने आप जुड़ जाती है। इसलिए विद्यालयों को केमाशिबो को खेल शुल्क अलग से भेजने की आवश्यकता नहीं है। सरकारी श्रेणी के विद्यालयों के मामले में, (कक्षा IX के विद्यार्थियों के पंजीकरण के समय) एक विकल्प दिया जाता है कि क्या विद्यालय केमाशिबो खेलों में भाग लेने के लिए इच्छुक है या नहीं। यदि विद्यालय केमाशिबो खेलों में भाग लेने का विकल्प चुनता है तो उस सरकारी श्रेणी के विद्यालय से खेल शुल्क लिया जाएगा। *(नोट: आयोजक विद्यालयों*

*को आयोजन स्थल पर भाग लेने वाले विद्यालयों से वार्षिक खेल शुल्क की रसीद की जाँच करने की न तो आवश्यकता है और न ही उन्हें इसका अधिकार है)।*

16. **पदक और प्रमाण-पत्र:** सभी प्रतिभागियों को 'भागीदारी प्रमाण-पत्र' दिए जाएँगे। विजेताओं को 'मेरिट प्रमाण-पत्र' और 'पदक' दिए जाएँगे। ये प्रमाण-पत्र ऑनलाइन, पीडीऍफ़ फ़ॉर्मेट में उपलब्ध कराए जाएँगे।

   क) क्लस्टर/ज़ोनल स्तर के प्रमाण-पत्र: आयोजक विद्यालय केमाशिबो स्पोर्ट्स पोर्टल पर ऑनलाइन 'उपस्थिति दर्ज' करेंगे और 'परिणाम अपलोड' करेंगे। इसके बाद, प्रतिभागी विद्यालय केमाशिबो स्पोर्ट्स पोर्टल से क्लस्टर/ज़ोनल स्तर के 'भागीदारी प्रमाण-पत्र' और 'मेरिट प्रमाण-पत्र' डाउनलोड कर सकेंगे।

   ख) राष्ट्रीय स्तर के प्रमाण-पत्र: जब क्लस्टर/ज़ोनल स्तर पर आयोजक विद्यालय उपस्थिति दर्ज कर लेंगे और परिणाम अपलोड कर देंगे, तब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजक विद्यालय उपस्थिति दर्ज करेंगे और परिणाम अपलोड करेंगे ताकि राष्ट्रीय स्तर के 'सहभागिता प्रमाण-पत्र' और 'मेरिट प्रमाण-पत्र' तैयार किए जा सकें। (कृपया ध्यान दें कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजक विद्यालय प्रमाण-पत्र तभी जेनरेट कर सकते हैं, जब क्लस्टर/ज़ोनल स्तर के आयोजक उपस्थिति दर्ज कर चुके हों और परिणाम अपलोड कर चुके हों।)

   प्रमाण-पत्रो के लिए, भाग लेने वाले विद्यालय केमाशिबो से नहीं बल्कि आयोजक विद्यालयों से संपर्क करें। यदि आयोजक विद्यालयों को उपस्थिति दर्ज करने या परिणाम अपलोड करने में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे केमाशिबो से (तकनीकी समस्या के स्क्रीनशॉट और सभी विवरणों सहित) manjit.cbse@gmail.com और cbsegames@gmail.com पर संपर्क करें।

17. **खेलो-इंडिया और एसजीएफआई खेलों में केमाशिबो के राष्ट्रीय विजेताओं की सहभागिता**: केमाशिबो की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता 'खेलो इंडिया गेम्स' और एसजीएफआई (SGFI) के 'राष्ट्रीय विद्यालय खेल' में निम्नलिखित अनुसार भाग लेंगे:

   क) **खेलो इंडिया गेम्स:** केमाशिबो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के व्यक्तिगत खेलों (खेलो इंडिया नीति के अनुसार आयु-वर्ग) के विजेता (केवल स्वर्ण पदक विजेता) खेलो इंडिया गेम्स में भाग लेंगे। (तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, जिम्नास्टिक्स, जूडो, निशानेबाजी, तैराकी, टेनिस, टेबल-टेनिस और योगासन)

   ख) **एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल गेम्स**: केमाशिबो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता, एसजीएफआई की नीति के अनुसार एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में भाग लेंगे। (तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, स्केटबॉल, मुक्केबाजी, शतरंज, क्रिकेट, तलवारबाजी, फुटबॉल, जिमनास्टिक्स, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, निशानेबाजी, स्केटिंग, तैराकी, ताइक्वांडो, टेनिस, टेबल-टेनिस, वॉलीबॉल और योगासन) अपने-अपने आयु-वर्गों और भार-वर्गों में, जो एसजीएफआई के मानकों से मेल खाते हों।

18. **गतिविधियों की संभावित समय-सारिणी:**

| | |
|---|---|
| क्लस्टर/ज़ोनल/राष्ट्रीय स्तर पर केमाशिबो खेलों के आयोजन हेतु विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन प्रस्ताव | दिनांक 10.04.2026 से दिनांक 20.04.2026 |

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

## CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organization Under the Ministry of Education, Govt. of India)

| | |
|---|---|
| क्लस्टर/ज़ोनल/राष्ट्रीय स्तर पर केमाशिबो खेलों के लिए ऑनलाइन 'Registration of Students' और 'Apply to Participate' *(प्रतिभागी विद्यालयों द्वारा)* | दिनांक 15.04.2026 से दिनांक 15.05.2026 (फिर नियम के अनुसार विलंब शुल्क सहित) |
| खेल कैलेंडर का प्रकाशन (खेल स्थलों की सूची) | मई 2026 का अंतिम सप्ताह |
| खेल गतिविधियों का आयोजन (संभावित) *(केमाशिबो खेल आयोजित करने के लिए आवेदक विद्यालयों को उसी अनुसार योजना बनानी चाहिए)* | <u>क्लस्टर / ज़ोनल स्तर:</u><br>दिनांक 01.06.2026 से दिनांक 31.07.2026<br><br><u>राष्ट्रीय स्तर:</u><br>दिनांक 20.09.2026 से दिनांक 20.10.2026 |
| आयोजक विद्यालयों द्वारा केमाशिबो पोर्टल पर 'Upload Results' लिंक के अंतर्गत ऑनलाइन परिणाम अपलोड करना। | इवेंट के आयोजन के 24 घंटे के अंतर्गत |

सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त बिन्दुओं का संज्ञान लें और तद्नुसार केमाशिबो खेलों में भाग लें। किसी भी प्रश्न के लिए विद्यालय डॉ. मंजीत सिंह, अपर निदेशक (खेल-कूद), केमाशिबो से manjit.cbse@gmail.com या cbsegames@gmail.com पर संपर्क करें।

शुभकामनाओं सहित!

**सि .प्रज्ञा एम .डॉ)ँह(**
**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)**

सी.बी.एस.ई. एकीकृत कार्यालय परिसर, सेक्टर-23, फेज 1, द्वारका, नई दिल्ली -110077
CBSE Integrated Office Complex, Sector-23, Phase 1, Dwarka, New Delhi -110077
फ़ोन/Telephone: 011-24050612 वेबसाइट/Website :http://cbseacademic.nic.in

**प्रतिलिपि**:

1. अध्यक्ष, केमाशिबो के संयुक्त सचिव
2. सचिव/ परीक्षा नियंत्रक/ समस्त निदेशक, केमाशिबो
3. सभी प्रोफेसर एवं निदेशक, केमाशिबो
4. सभी क्षेत्रीय निदेशकों, क्षेत्रीय अधिकारियों और उप-क्षेत्रीय अधिकारियों (केमाशिबो) को इस अनुरोध सहित कि वे इस परिपत्र को अपने-अपने क्षेत्रों में केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुखों को भेजें।
5. सभी एसोसिएट प्रोफेसर एवं अपर निदेशक, सहायक प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, सहायक प्रोफेसर एवं सहायक निदेशक, केमाशिबो
6. सभी संयुक्त सचिव / उप सचिव / अवर सचिव / सहायक सचिव, केमाशिबो
7. मीडिया एवं जनसंपर्क इकाई, केमाशिबो
8. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
9. आईटी यूनिट के प्रभारी को इस अनुरोध सहित कि वे इस परिपत्र को केमाशिबो की एकेडमिक वेबसाइट पर अपलोड करें।

**हस्ता/-**
**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)**

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
## CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organization Under the Ministry of Education, Govt. of India)


**अनुलग्नक-ए**

**खेलों और आयु-वर्गों की सूची (2026-27)**

| क्र. सं. | विषय क्षेत्र/खेल | स्तर | | | आयु समूह(समूहों) के अंतर्गत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | क्लस्टर | ज़ोनल | राष्ट्रीय | |
| 01 | एथलेटिक्स | **हाँ** | नहीं | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 02 | बैडमिंटन | **हाँ** | नहीं | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 03 | बास्केटबाल | **हाँ** | नहीं | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 04 | फ़ुटबॉल (बालक) | **हाँ** | नहीं | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 05 | कबड्डी | **हाँ** | नहीं | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 06 | खो खो | **हाँ** | नहीं | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 07 | टेबल टेनिस | **हाँ** | नहीं | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 08 | वॉलीबॉल | **हाँ** | नहीं | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 09 | तीरंदाजी | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 10 | मुक्केबाज़ी | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 11 | शतरंज | नहीं | **हाँ** | हाँ | 11, 14, 17 और 19 वर्ष |
| 12 | क्रिकेट | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 13 | फ़ुटबॉल (बालिका) | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 14 | हैंडबॉल | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 15 | हॉकी | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 16 | जूडो | नहीं | **हाँ** | हाँ | 11, 14, 17 और 19 वर्ष |
| 17 | शूटिंग | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 18 | स्केटिंग | नहीं | **हाँ** | हाँ | 9,11, 14, 17 और 19 वर्ष |
| 19 | तैराकी | नहीं | **हाँ** | हाँ | 11, 14, 17 और 19 वर्ष |
| 20 | तायक्वोंडो | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 21 | टेनिस | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 22 | *योगासन* | नहीं | **हाँ** | हाँ | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 23 | एरोबिक्स | नहीं | नहीं | **हाँ** | 11, 14, 17 और 19 वर्ष |
| 24 | फेंसिंग | नहीं | नहीं | **हाँ** | 14, 17 और 19 वर्ष |
| 25 | जिमनास्टिक्स | नहीं | नहीं | **हाँ** | 11, 14, 17 और 19 वर्ष |
| 26 | रस्सी कूद | नहीं | नहीं | **हाँ** | 14 और 19 वर्ष |

**नोट: आयु की गणना 'कार्यक्रम वर्ष की 31 दिसंबर से' की जाती है।**

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organization Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**अनुलग्नक–बी**

**क्लस्टरों, केमाशिबो क्षेत्रों और ज़ोन की सूची (2026-27)**

| क्लस्टर | शामिल क्षेत्र | केमाशिबो क्षेत्र | ज़ोन |
|---|---|---|---|
| क्लस्टर I | असम; अरुणाचल प्रदेश; मणिपुर; मेघालय; मिजोरम नागालैंड; सिक्किम; और त्रिपुरा | गुवाहाटी क्षेत्र | फार ईस्ट ज़ोन (FEZ) |
| क्लस्टर II | ओडिशा और पश्चिम बंगाल | भुवनेश्वर क्षेत्र | |
| | छत्तीसगढ | रायपुर क्षेत्र | |
| क्लस्टर III | बिहार | पटना क्षेत्र | ईस्ट ज़ोन (EZ) |
| | झारखण्ड | रांची क्षेत्र | |
| क्लस्टर IV | **यूपी के जिले:** अमेठी, औरैया, अयोध्या, बहराईच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गोंडा, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, पिलीभीत, रायबरेली, शाजहाँपुर, शारस्वती, सीतापुर, और उन्नाव | लखनऊ क्षेत्र | |
| क्लस्टर V | **यूपी के जिले:** अम्बेडकर नगर, आज़मगढ़, बलिया, बस्ती, भदोही, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, ग़ाज़ीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, कौशांबी, कुशी नगर, महाराजगंज, मऊ, मिर्ज़ापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर और वाराणसी | प्रयागराज (इलाहाबाद) क्षेत्र | |
| क्लस्टर VI | तमिलनाडु; पुडुचेरी और अंडमान और निकोबार | चेन्नई क्षेत्र | साउथ ज़ोन (SZ) – I |
| क्लस्टर VII | तेलंगाना | हैदराबाद क्षेत्र | |
| | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा क्षेत्र | |
| क्लस्टर VIII | कर्नाटक | बेंगलुरु क्षेत्र | साउथ ज़ोन (SZ) – II |
| क्लस्टर IX | महाराष्ट्र, गोवा, दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली | पुणे क्षेत्र | |
| क्लस्टर X | **केरल के जिले:** कासरगोड; वायनाड; कन्नूर; कोज़िकोड; पालघाट; त्रिसूर और मालाप्पुरम | तिरुवनंतपुरम क्षेत्र | |
| क्लस्टर XI | **लक्षद्वीप, केरल के जिले:** अलेप्पी; कोल्लम; इडुक्की; त्रिवेन्द्रम; कोट्टायम; पथानामथिट्टा और एर्नाकुलम | | |
| क्लस्टर XII | मध्य प्रदेश | भोपाल क्षेत्र | वेस्ट ज़ोन (WZ) |
| क्लस्टर XIII | गुजरात | अहमदाबाद क्षेत्र | |
| क्लस्टर XIV | राजस्थान | अजमेर क्षेत्र | |
| क्लस्टर XV | **हरियाणा के जिले:** पानीपत; सोनीपत; रोहतक; भिवानी; झज्जर; गुडगाँव; फ़रीदाबाद; रेवाड़ी महेंद्रगढ़ नारनौल | गुरुग्राम क्षेत्र | नार्थ ज़ोन-II (NZ-II) |
| क्लस्टर XVI | **हिमाचल प्रदेश, संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, हरियाणा के जिले:** अंबाला, फतेहबाद, हिसार, जिंद, कैथल, करनाल, कुरूक्षेत्र, पंचकुला, सिरसा और यमुनानगर | पंचकूला क्षेत्र | |
| क्लस्टर XVII | **पंजाब के जिले:** मुक्तसर; भटिंडा; मनसा; पटियाला, संगरूर, मलेरकोटला, बरनाला, रूपनगर, एसएएस नगर, मोहाली | लुधियाना क्षेत्र | |
| क्लस्टर XVIII | **संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर, पंजाब के जिले:** अमृतसर, तरन तारन, होशियारपुर, गुरदासपुर, पठानकोट, जालंधर, कापूर्थला, लुधियाना, मोगा, नवां शहर, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर | | |
| क्लस्टर XIX | **उत्तराखंड, यूपी के जिले:** बरेली, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर और शामली | देहरादून क्षेत्र | नार्थ ज़ोन-I (NZ-I) |
| | आगरा,अलीगढ़,अमरोहा,बागपत,बदायूं, बुलंदशहर, एटा, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, हाथरस, कासगंज/ | नोएडा क्षेत्र | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कांशीराम नगर, मथुरा, मेरठ और संभल | | |
| क्लस्टर XX | दिल्ली | दिल्ली (पूर्वी) क्षेत्र और दिल्ली (पश्चिमी) क्षेत्र | सेंट्रल ज़ोन (CZ) |
| क्लस्टर F-I | रूस | दुबई क्षेत्र | फ़ॉरन् ज़ोन |
| क्लस्टर F-II | कुवैत, ईरान, इराक, अफगानिस्तान | | |
| क्लस्टर F-III | ओमान सल्तनत, यमन | | |
| क्लस्टर F-IV | कतर | | |
| क्लस्टर F-V | सऊदी अरब के राज्य | | |
| क्लस्टर F-VI | संयुक्त अरब अमीरात | | |
| क्लस्टर F-VII | नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार, भूटान | | |
| क्लस्टर F-VIII | अफ्रीका (नाइजीरिया, घाना, लाइबेरिया, इथियोपिया, केन्या, तंजानिया, युगांडा, बेनिन, लीबिया) सोमालिया | | |
| क्लस्टर F-IX | जापान | | |
| क्लस्टर F-X | थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर | | |
| क्लस्टर F-XI | नीदरलैंड | | |
| क्लस्टर F-XII | बहरीन | | |

**नोट:** क्लस्टर-स्तरीय खेलों का आयोजन-स्थल क्लस्टर के समक्ष उल्लिखित किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में हो सकता है। इसी प्रकार, ज़ोन-स्तरीय खेलों का आयोजन-स्थल ज़ोन के समक्ष उल्लिखित किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में हो सकता है।

**CBSE/GAMES/2026** **Date: 10.04.2026**
**Circular No. Acad-19/2026**

**All the Heads of Schools affiliated to CBSE**

**Subject: CBSE Games (2026-27) – reg.**

CBSE organizes sports events at Cluster/ Zonal and National levels for students of its affiliated schools every year in various age-groups for girls and boys separately. The Board invites proposals from its affiliated schools to organize CBSE Games, and also for 'applying to participate' in CBSE Games through online portal. Following may be noted in this regard:

1. **List of Games, Age-Groups and Clusters/ Zones:** The list of games alongwith age-groups at Cluster/ Zonal and National levels are given in Annexure - A & B. The schools are advised to go through the same to see updations.

2. **Online Proposal by Schools for Organizing Games:** Schools wishing to organize any of the games at Cluster/ Zonal or National Levels, may apply online on CBSE website www.cbse.gov.in (click on the box named 'CBSE SPORTS SYSTEM' on main website) or at www.cbseacademic.nic.in (click on tab '**Sports**').
   a) No proposal shall be accepted offline/ manually.
   b) The link **'Apply to Organize CBSE Games'** may be clicked to fill the online form. Username and Password will be the same as used by the schools for LOC or registration of students for classes IX/X/XI/XII every year.
   c) The school must ensure that they have all the facilities necessary to organize the sports events, preferably as per specifications of infrastructure, available on the website of SAI (Sports Authority of India) at the link:
   https://sportsauthorityofindia.nic.in/sai_new/infrastructure
   d) The school must upload a **3-5 minutes video on YouTube** showing the playground(s) of the game that the school wants to organize alongwith accommodation facilities and washrooms for ample number of participants. The URL link of the video uploaded on YouTube should be pasted into the online application form.

3. **Online Registration of Players for Participation in CBSE Games:** Schools intending to participate in CBSE Games should visit the CBSE website *(as mentioned in point 2 above)* and complete the following 3 steps:

**Step 1**
- Registration

**Step 2**
- Apply to Participate

**Step 3**
- Send Confirmation to Organizing School(s) by email

**a) Step 1 - Registration**:
- The schools may register their students online by filling the form available at the above-mentioned link by clicking **'Registration/ Apply to Participate'**.
- A UID will be created for every student. This registration is to be done only once and the same UID of the student will continue for all the coming years till the student is studying in CBSE school(s).

b) **Step 2 - Apply to Participate**:
- After registering the student, click **'Apply to Participate'**, to put the student in any game(s). This step is mandatory to participate in CBSE Games.
- If only registration is done and this step 2 (*Apply to Participate*) is not completed, the student/ team will not be allowed to participate in CBSE Games.

c) **Step 3 - Send Confirmation to Organizing School(s)**:
- After completing both the above-mentioned steps *('Register Student' & 'Apply to Participate')*, the participating schools should send email to the organizing schools confirming their participation at least **one week prior to the event**, so that the organizing schools may make arrangements accordingly.

*Note: The schools not completing the above steps (a to c) before the last date, will not be able to participate in CBSE Games.*

4. **Selection-Trials**: It has been observed in the past that some good players were not given chance by their schools to participate in CBSE Games. Therefore, the schools are advised to conduct selection-trials for selection of best players to represent the school in CBSE Games. For this purpose, following may be noted:
   a) Selection-trials should be conducted before applying to participate in CBSE Games.
   b) A committee should be constituted for conducting selection-trials in the school.
   c) The school should not deny any student to participate in selection-trials.
   d) The school should keep record of the selection-trials and photos of the selection-trails.
   e) CBSE may conduct Surprise Inspection of the school to ensure that talented players are being given chance to participate in CBSE Games.

5. **How to Login:** The schools may use the same Username and Password as used for LOC or registration of students of classes IX/ X/ XI/ XII every year.

6. **Mapping of School:** After login, if boxes of Cluster and Zone (on top of the screen) appear blank, this means the school is not mapped in any cluster/ zone, and the organizing schools will not be able to see the entries of that particular school. In this case, schools should report the same at manjit.cbse@gmail.com and cbsegames@gmail.com

7. **Correct Data Entry**: Schools should enter correct details of participants i.e. name, date of birth, game, event etc. In case of incorrect entry, the same may be edited or deleted, and fresh registration may be done before the last date. However, in case of any corrections (after the last date), the schools should send a request to CBSE from their official email address (@cbseshiksha.in) at manjit.cbse@gmail.com and cbsegames@gmail.com mentioning all details of the case, and attaching date of birth certificate and UDISE data of the player (*screenshot of UDISE portal showing record of that particular player*).

8. **Entry with 'Late Fee' after the Last Date:** Late fee will be charged for registration and 'applying to participate' after the last date:
   - Upto 7 days after the last date = Rs. 500/- per student
   - 8 to 14 days after the last date = Rs. 1000/- per student

9. **Age-Criteria**: A player shall be under 11, 14, 17, & 19 years of age as of 31.12.2026. Accordingly, for session 2026-27, the age criteria will be as follows:
   - Under 11 years: Born on or after 01.01.2016
   - Under 14 years: Born on or after 01.01.2013
   - Under 17 years: Born on or after 01.01.2010
   - Under 19 years: Born on or after 01.01.2008

   Similarly, age may be calculated for other age-groups.

10. **Participation in CBSE National Sports Events:** First & second positions in all individual sports events, and only the winners *(first position i.e. gold medal)* in all team games *(at Cluster & Zonal level)* will participate in CBSE Nationals in each category and age-group. However, in case of Chess *(top 02 teams)*, Shooting *(top 02 teams & 05 top individuals)* and *Yogasana (top 02 teams & top 05 individuals)*. *Note: If in case the winner team/ individual is not participating in nationals, the next team will not be allowed to participate in CBSE nationals*.

11. **Sports Grant to Organizing Schools:** CBSE provides sports grant to schools for organizing sports events (Rs.2,00,000/- for Cluster/ Zonal level and Rs.3,00,000/- for National level). However, for Athletics and Swimming, sports grant shall be Rs.4,00,000/- at Cluster/ Zonal level and Rs.5,00,000/- for National level. The sports grant will be transferred to the bank account of the organizing school after the successful conduct of the sports event and submission of required information on CBSE portals. No advance amount will be given. Sports equipment such as shuttle-cock, tennis-ball, football, volleyball, basketball etc. will be arranged by the organizing schools. They may purchase/ hire equipment at their own and meet expenditure out of CBSE grant. No extra payment will be given by CBSE in this regard.

12. **Videography:** To bring transparency and promote fairness in games, videography is compulsory for all sports events at Cluster, Zonal and National levels. The record of videography (*and record of photo-finish for Athletics & Swimming*) shall be maintained by the organizing school for a period of 3 months after the sports events. The organizing schools shall meet the expenditure on videography and photo-finish out of CBSE sports grant. No extra payment will be given by CBSE in this regard.

13. **Accommodation and Meals:** The organizing school shall make arrangements of accommodation *(including bedding)* and all meals for participating teams/ individuals. Each participant shall pay Rs.500/- per day for all meals & accommodation (including bedding) to the organizing school. However, this amount shall not be charged from the players/ teams who are not staying in the venue, and are not taking any meal from the organizing school. If the teams/ individuals are not staying in the venue, but taking meal(s) from the organizing school, then the participating school shall pay Rs.300/- per participant per day for meal(s), irrespective of the number of meals taken in a day. *(Note: The participating schools should prefer staying in the venue schools keeping in view the safety & security of the participants. In case the players/ teams want to stay outside at their own, then the participating players/ teams should bring a written undertaking/ permission from their school Principal on school letter head regarding the same).* For the purpose of safety/ security and to ensure identity/ entry of only authorized players in the venue, the organizing school should issue an ID card to each participant. The organizing school may charge upto Rs.100/- per player for the same.

14. **Rules**: All stakeholders are requested to read 'Rules of Sports & Games' and 'CBSE Games (Guidelines)' available at CBSE sports portal. In case of any clash/ ambiguity in the rules/ guidelines, the information given in this circular will be final, and will supersede all the previous communications.

15. **Annual Sports Fee:** Rs.10,000/- as Annual Sports Fee for each school is automatically added to the online fee at the time of registration of class IX students. So, the schools are **not** required to send Sports Fee separately to CBSE. In case of Government Category schools, an option is given *(at the time of Registration of Class IX students)*, whether the school is willing to participate in CBSE Games or not. If the school opts to participate in CBSE Games, sports fee will be charged from that Government Category school. *(Note: The organizing schools are not required or authorized to check the receipt of annual sports fee from the participating schools at the venue).*

16. **Medals and Certificates**: All participants will be given Participation Certificates. Winners will be given Merit Certificates & Medals. The certificates will be provided online in pdf format.
   a) Cluster/ Zonal Level Certificates: The organizing schools will 'Mark Attendance' and 'Upload Results' online on CBSE Sports Portal. After that, the participating schools will be able to download the Cluster/ Zonal 'Participation Certificates' and 'Merit Certificates' from CBSE Sports Portal.
   b) National Level Certificates: After the Cluster/ Zonal Organizing schools will mark attendance & upload results, the National Organising schools will mark attendance & upload results to generate National 'Participation Certificates' and 'Merit Certificates'. *(Please note that National level organizing schools can generate certificates only after the Cluster/ Zonal level organizers have marked attendance and uploaded results.)*

For certificates, the participating schools should contact the organizing schools, and not the CBSE. In case the organizing schools face any technical issue in marking attendance or uploading results, they may contact CBSE *(with screenshots of the technical issue and all details)* at manjit.cbse@gmail.com and cbsegames@gmail.com.

17. **Participation of CBSE National Winners in Khelo-India and SGFI Games**: Winners of CBSE National Level Competitions will participate in Khelo-India Games and National School Games of SGFI (School Games Federation of India) as follows:
   a) **Khelo India Games**: The winners (Gold Medallists only) of CBSE National Competitions in individual games *(age-group as per Khelo India policy)* will participate in Khelo-India Games. (Archery, Athletics, Badminton, Boxing, Fencing, Gymnastics, Judo, Shooting, Swimming, Tennis, Table-Tennis and *Yogasana*)
   b) **SGFI National School Games**: The winners of CBSE National Competitions will participate in SGFI National School Games as per SGFI policy. (Archery, Athletics, Badminton, Basketball, Boxing, Chess, Cricket, Fencing, Football, Gymnastics, Handball, Hockey, Judo, Kabaddi, Kho-Kho, Shooting, Skating, Swimming, Taekwondo, Tennis, Table-Tennis, Volleyball & *Yogasana*) in respective age-groups & weight-categories which match with SGFI.

18. **Tentative Schedule of Activities:**

| | |
|---|---|
| Online Proposal by Schools for Organizing CBSE Games at Cluster/ Zonal/ National level | 10.04.2026 to 20.04.2026 |
| Online 'Registration of Students' and 'Apply to Participate' in CBSE Games at Cluster/Zonal/National level *(by participating schools)* | 15.04.2026 to 15.05.2026 (Then with Late Fee as per rule) |
| Display of Sports Calendar *(List of Sports Venues)* | Last week of May 2026 |
| Conduct of Sports Events (tentative) *(The schools applying to organize CBSE games should plan accordingly)* | Cluster / Zonal Level: 01.06.2026 to 31.07.2026 National Level: 20.09.2026 to 20.10.2026 |
| Online Result Uploading by the Organizing Schools on CBSE portal under link 'Upload Results' | Within 24 hours of the conduct of the event |

All schools are requested to take note of the above and participate in CBSE Games accordingly. For any queries, schools may contact **Dr. Manjit Singh, Additional Director (Sports), CBSE** at manjit.cbse@gmail.com or cbsegames@gmail.com

With Best Wishes!

**Dr. Praggya M Singh**
**Professor and Director (Academics)**

**Copy to:**

1. JS to Chairperson, CBSE
2. Secretary/ Controller of Examinations/ All Directors, CBSE
3. All Professor & Directors, CBSE
4. All Regional Directors, Regional Officers, Sub-Regional Officers, CBSE with request to send this circular to all the heads of CBSE affiliated schools in their respective regions
5. All Associate Professor & Additional Directors, Assistant Professor & Joint Directors, Assistant Professor & Deputy Directors, Assistant Professor & Assistant Directors, CBSE
6. All Joint Secretary/ Deputy Secretary/ Under Secretary/ Assistant Secretary, CBSE
7. Media & PR Unit, CBSE
8. All Head(s)/ In-Charge(s), Centre of Excellence, CBSE
9. In-charge IT Unit with the request to put this Circular on the CBSE Academic Website

Sd/-
**Professor and Director (Academics)**

**Annexure-A**

**List of Games and Age-Groups (2026-27)**

| SN | Discipline/ Game | Level | | | Age Group(s) Under |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Cluster | Zonal | National | |
| 01 | Athletics | **Yes** | No | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 02 | Badminton | **Yes** | No | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 03 | Basketball | **Yes** | No | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 04 | Football (Boys) | **Yes** | No | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 05 | Kabaddi | **Yes** | No | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 06 | Kho Kho | **Yes** | No | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 07 | Table Tennis | **Yes** | No | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 08 | Volleyball | **Yes** | No | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 09 | Archery | No | **Yes** | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 10 | Boxing | No | **Yes** | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 11 | Chess | No | **Yes** | Yes | 11, 14, 17 & 19 years |
| 12 | Cricket | No | **Yes** | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 13 | Football (Girls) | No | **Yes** | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 14 | Handball | No | **Yes** | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 15 | Hockey | No | **Yes** | Yes | 14,17 & 19 years |
| 16 | Judo | No | **Yes** | Yes | 11, 14, 17 & 19 years |
| 17 | Shooting | No | **Yes** | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 18 | Skating | No | **Yes** | Yes | 9, 11, 14, 17 & 19 years |
| 19 | Swimming | No | **Yes** | Yes | 11, 14, 17 & 19 years |
| 20 | Taekwondo | No | **Yes** | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 21 | Tennis | No | **Yes** | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 22 | *Yogasana* | No | **Yes** | Yes | 14, 17 & 19 years |
| 23 | Aerobics | No | No | **Yes** | 11, 14, 17 & 19 years |
| 24 | Fencing | No | No | **Yes** | 14, 17 & 19 years |
| 25 | Gymnastics | No | No | **Yes** | 11, 14, 17 & 19 years |
| 26 | Rope Skipping | No | No | **Yes** | 14 & 19 years |

**Note: Age is calculated 'as on 31 December of the year of event'**

**Annexure-B**

## List of Clusters, CBSE Regions and Zones (2026-27)

| CLUSTER | AREA COVERED | CBSE REGION | ZONE |
|---|---|---|---|
| Cluster I | Assam; Arunachal Pradesh; Manipur; Meghalaya; Mizoram Nagaland; Sikkim; and Tripura | Guwahati Region | Far East Zone (FEZ) |
| Cluster II | Odisha and West Bengal | Bhubaneswar Region | |
| | Chhattisgarh | Raipur Region | |
| Cluster III | Bihar | Patna Region | East Zone (EZ) |
| | Jharkhand | Ranchi Region | |
| Cluster IV | **Districts of UP:** Amethi, Auraiya, Ayodhya, Bahraich, Balrampur, Banda, Barabanki, Etawah, Farrukhabad, Fatehpur, Firozabad, Gonda, Hamirpur, Hardoi, Jalaun, Jhansi, Kannauj, Kanpur Dehat, Kanpur Nagar, Lakhimpur Kheri, Lalitpur, Lucknow, Mahoba, Mainpuri, Pilibhit, Rebareli, Shajahanpur, Sharaswati, Sitapur, and Unnao | Lucknow Region | |
| Cluster V | **Districts of UP:** Ambedkar Nagar, Azamgarh, Ballia, Basti, Bhadohi, Chandauli, Chitrakoot, Deoria, Ghazipur, Gorakhpur, Jaunpur, Kaushambi, Kushi Nagar, Maharajganj, Mau, Mirzapur, Pratapgarh, Prayagraj, Sant Kabir Nagar, Siddharth Nagar, Sonbhadra, Sultanpur and Varanasi | Prayagraj (Allahabad) Region | |
| Cluster VI | Tamil Nadu; Puducherry and Andaman & Nicobar | Chennai Region | South Zone (SZ) – I |
| Cluster VII | Telangana | Hyderabad Region | |
| | Andhra Pradesh | Vijayawada Region | |
| Cluster VIII | Karnataka | Bangaluru Region | South Zone (SZ) – II |
| Cluster IX | Maharashtra, Goa, Daman & Diu and Dadra & Nagar Haveli | Pune Region | |
| Cluster X | **Districts of Kerala:** Kasargode; Wynad; Kannur; Kozikode; Palghat; Thrissur & Malappuram | Thiruvananthapuram Region | |
| Cluster XI | **Lakshdweep, Districts of Kerala:** Aleppey; Kollam; Idukki; Trivendrum; Kottayam; Pathanamthitta & Ernakulam | | |
| Cluster XII | Madhya Pradesh | Bhopal Region | West Zone (WZ) |
| Cluster XIII | Gujarat | Ahmedabad Region | |
| Cluster XIV | Rajasthan | Ajmer Region | |
| Cluster XV | **Districts of Haryana:** Panipat, Sonipat; Rohtak; Bhiwani; Jhajjar; Gurgaon; Faridabad; Rewari, Mahendergarh and Narnaul | Gurugram Region | North Zone-II (NZ-II) |
| Cluster XVI | **Himachal Pradesh, UT of Chandigarh, UT of Ladakh** **Districts of Haryana:** Ambala, Fatehbad, Hisar, Jind, Kaithal, Karnal, Kurukshetra, Panchkula, Sirsa, and Yamuna Nagar | Panchkula Region | |
| Cluster XVII | **Districts of Punjab:** Muktasar; Bhatinda; Mansa; Patiala, Sangrur, Malerkotla, Barnala, Roopnagar, SAS Nagar, Mohali | Ludhiana Region | |
| Cluster XVIII | **UT of Jammu & Kashmir, Districts of Punjab:** Amritsar, Tarn Taran, Hoshiarpur, Gurdaspur, Pathankot, Jalandhar, Kapurthala, Ludhiana, Moga, Nawan Shehar, Fatehgarh Sahib, Faridkot, Firozpur | | |
| Cluster XIX | **Uttarakhand, Districts of UP**: Bareilly, Bijnour, Moradabad, Muzzaffarnagar, Rampur, Saharanpur and Shamli | Dehradun Region | North Zone-I (NZ-I) |
| | Agra, Aligarh, Amroha, Baghpat, Badaun, Bulandshahar, Etah, Gautam Budh Nagar, Ghaziabad, Hapur, Hathras, Kasganj / Kashi Ram Nagar, Mathura, Meerut, and Sambhal | Noida Region | |
| Cluster XX | Delhi | Delhi (East) Region & Delhi (West) Region | Central Zone (CZ) |
| Cluster F-I | Russia | Dubai Region | Foreign Zone |
| Cluster F-II | Kuwait, Iran, Iraq, Afghanistan | | |
| Cluster F-III | Sultanate of Oman, Yemen | | |
| Cluster F-IV | Qatar | | |
| Cluster F-V | Kingdom of Saudi Arabia | | |
| Cluster F-VI | United Arab Emirates | | |
| Cluster F-VII | Nepal, Bangladesh, Myanmar, Bhutan | | |
| Cluster F-VIII | Africa (Nigeria, Ghana, Liberia, Ethiopia, Kenya, Tanzania, Uganda, Benin, Libya) Somalia | | |
| Cluster F-IX | Japan | | |
| Cluster F-X | Thailand, Malaysia, Indonesia, Singapore | | |
| Cluster F-XI | Netherlands | | |
| Cluster F-XII | Bahrain | | |

**Note**: Venue of cluster-level games can be in any of the states/ UTs mentioned against the Cluster. Similarly, zonal-level games can be in any of the states/ UTs mentioned against the Zone.